आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 21.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी अगले महीने आयोजित होगी।
- श्री विजय पुरम में अपना परिवार ग्लोबल द्वारा आयोजित सोलहवें एपीजी—ग्लोबल बिजनेस कॉन्क्लेव कल आयोजित किया गया।
- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में रात्रि विमान सेवा में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।
- सुशासन सप्ताह अभियान प्रशासन गांव की ओर के तहत कल छोलदारी और कालीकट में जिला स्तरीय कार्यशाला और न्यायालय शिविर आयोजित किया गया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष दो हजार पच्चीस सीजन के लिए खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जीओवी पोर्टल पर चौदह जनवरी तक पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण के दौरान विद्यार्थी अपनी पसंद के प्रश्न, जो वे प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं, जमा करा सकते हैं, लेकिन ये प्रश्न परीक्षा के तनाव, करियर और जीवन में भावी आकांक्षाओं के बारे में होने चाहिये। इससे पहले, कार्यक्रम के सातवें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से उन्हें बच्चों से बात करने का एक अवसर मिलता है।

<><><><><><><>

श्री विजय पुरम में अपना परिवार ग्लोबल द्वारा आयोजित सोलहवें एपीजी—ग्लोबल बिजनेस कॉन्क्लेव कल आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने कहा कि भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, अटलांटा बे में डीप वॉटर पोर्ट, दो नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे, सी—प्लेन संचालन, बड़ी क्षमता वाले हेलीकॉप्टर बेड़े, मेडिसिटी, पर्यटन, आतिथ्य, इंफ्रा प्रोजेक्ट्स जैसे निवेश के अवसरों की जानकारी दी।

उपराज्यपाल ने पिछले छह–सात वर्षों से चल रही परियोजनाओं के बारे में भी बताया, जिसमें वीएसआई टर्मिनल भवन शामिल है जिसे चालू कर दिया गया है और साथ ही दो सौ जीबीपीएस कनेक्टिविटी के साथ कैनी परियोजना के बिछाने के साथ नेटवर्क कनेक्टिविटी में कई गुना सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि कि ग्रेट निकोबार इंटरनेशनल कंटेनर परियोजना अंतिम चरण में है। उप राज्यपाल ने कहा कि द्वीप समूह के लिए दो नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से एक श्री विजयापुरम और दूसरा ग्रेट निकोबार द्वीप समूह में दो रनवे के साथ होगा। इस अवसर पर 'अपना परिवार ग्लोबल' के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राम कैलाश गुप्ता ने बताया कि एपीजी उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को बढ़ावा देने का भी प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में आतिथ्य, पर्यटन, इन्फ्रा, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, निर्माण उद्योग आदि का प्रतिनिधित्व करने वाले पचास से अधिक निवेशकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में रात्रि विमान सेवा में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव ने कहा कि दो ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, जिसमें से एक श्री विजयपुरम में और दूसरा कैम्पबेल बे में और इसके अलावा तीन आर सी एस हवाई अड्डा भी बनाने की योजना है।

श्री यादव से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे आज शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के दूरसंचार विभाग एवं बी एस एन एल पेंशनभोगियों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत अंडमान निकोबार सर्कल के संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय की ओर रंगत के बीएसएनएल भवन में इक्कतीस दिसम्बर को दिन में ग्यारह बजे से लगेगी। पेंशनभोगियों से अपनी शिकायतें, डाक या ईमेल के माध्यम से सत्ताईस दिसंबर तक संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय में जमा करने को कहा गया है। और अधिक जानकारी के लिए एएओ (पेंशन) से फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारत सरकार की एक पहल के एक भाग के रूप में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से चौबीस दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अभियान ''प्रशासन गांव की ओर'' आयोजित किया जा रहा है।

इस सिलसिले में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में कल छोलदारी सामुदायिक हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला और न्यायालय शिविर आयोजित किया गया। कार्यशाला में छोलदारी निर्वाचन क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य प्रमिला कुमारी, पंचायत समिति सदस्यों और छोलदारी ग्राम पंचायत प्रधान और आम जनता ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को सुनने के बाद संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर मुददों को हल करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा आम जनता को आय प्रमाण पत्र, ओबीसी प्रमाणपत्र सहित ग्यारह अन्य दस्तावेज जारी किए गए। इसी तरह कालीकट सामुदायिक भवन में सहायक आयुक्त अनुजा त्रिवेदी की अध्यक्षता में न्यायालय शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व, पुलिस, एपीडब्ल्यूडी और बिजली सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने शिविर न्यायालय में भाग लिया। इस शिविर में जनता ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिसे सहायक आयुक्त ने जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र में स्कूली विद्यार्थियों के लिए आज राज्य स्तरीय विज्ञान परियोजना प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता दोपहर डेढ़ बजे से शाम चार बजे तक होगी। तीन सर्वश्रेष्ठ परियोजना को ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष दो हजार पच्चीस सीजन के लिए खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी है। कल नई दिल्ली में संवाददाता को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कई फैसले किए हैं। उन्होंने कहा कि यह किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने मिलिंग कोपरा और बॉल कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्यों के बारे में जानकारी दी। श्री वैष्णव ने कहा कि कोपरा के लिए नैफेड और एनसीसीएफ केंद्रीय नोडल एजेंसियां होंगी। उन्होंने कहा कि इसमें राज्य सरकारों की बड़ी भूमिका होगी, इसलिए यह खरीद राज्य सरकार के नियमों के सहयोग से की जाएगी।

<><><><><><><>

भारत संचार निगम कार्यालय में कल अनुभव केन्द्र की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बी एस एन एल के महाप्रबंधक के वी एन राव ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस अनुभव केन्द्र के खुल जाने से उपभोक्ताओं को काफी लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस केन्द्र के जरिए उपभोक्ता नए तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं। इस सुविधा से बुजुर्ग नागरिकों को भी काफी लाभ मिलेगा। यह सुविधा चौबीसों घंटे उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके जरिए उपभोक्ताओं को बिल का ऑनलाइन भुगतान करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा फोर–जी का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने टैब का भी शुभारंभ किया, जिसके जरिए उपभोक्ता स्वयं ही अपने बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन बी आर डब्लू म्यूज़िक विंग की ओर से आज संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में शाम साढ़े चार बजे से आरंभ होगा।

<><><><><><><>